# विश्वभारती, शांतिनिकेतन
# राजभाषा प्रकोष्ठ

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक

**पत्रांक : राभाकास/वि.भा.प्र./09/2020–21/** **दिनांक : 15.03.2021**

*विषय : दिनांक 06.03.2021 को सम्पन्न राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक का कार्यवृत।*

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 06.03.2021 को अपराह्न 04:00 बजे सम्मेलन कक्ष, केंद्रीय ग्रंथागार, विश्वभारती में आयोजित की गई। प्रो. शकुंतला मिश्र, हिंदी–भवन, विश्वभारती ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची संलग्न है।

बैठक के आरंभ में अध्यक्ष महोदया ने उपस्थित विभागों/कार्यालयों के प्रतिनिधि का स्वागत किया। प्रो. शकुंतला मिश्र ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर भारी चिंता व्यक्त करते हुए सभी विभागाध्यक्ष से अनुरोध किया कि समय पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा प्रकोष्ठ को भेजे जाएं ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ. प्रशांत मेश्राम, संयुक्त कुलसचिव (अकादमिक एवं अनुसंधान) ने विश्वभारती के कार्यालयों/विभागों आदि से तिमाही प्रगति रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं होने की बात कही। साथ ही उन्होंने तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रपत्र सभी विभागों को पुनः भेजने, साईन बोर्ड त्रिभाषी, रबड़ मुहरें द्विभाषी किए जाने पर बल दिया। तिमाही प्रगति रिपोर्ट संबंधी विषय पर अध्यक्ष महोदया ने चिंता व्यक्त करते हुए इस विषय को गंभीरता से लिया। डॉ. प्रशांत मेश्राम के वक्तव्य से सहमत होकर अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए विश्वभारती के सभी विभाग/कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया कि वे राजभाषा प्रकोष्ठ को अपना पूरा सहयोग दें एवं राजभाषा प्रकोष्ठ से मांगे जानेवाले तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं तभी राजभाषा प्रकोष्ठ राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को विश्वभारती में चल रहे राजभाषा के कार्य का सही आंकड़ा दे सकेगा। बैठक में उपस्थित प्रो. मुक्तेश्वर नाथ तिवारी, अध्यक्ष, भाषा भवन ने कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को संचयित करने पर बल दिया ताकि वे भविष्य में राजभाषा निरीक्षण के समय हिंदी कार्य का ब्यौरा उपलब्ध करा सकें।

**बैठक में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई/निर्णय लिए गए :–**

1. बैठक की अध्यक्ष प्रो. शकुंतला मिश्र ने कहा कि चूँकि बंगाल 'ग' क्षेत्र के अंतर्गत आता है, इसलिए कार्यालयीन कार्य हिंदी में कम–से–कम 55 प्रतिशत होना चाहिए।
2. पिछली बैठक की पुष्टि – बैठक में उपस्थित कार्यालय अध्यक्ष ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णय की पुष्टि की।
3. भाषा भवन के अध्यक्ष, प्रो. मुक्तेश्वर नाथ तिवारी ने सुझाव दिया कि विश्वभारती के कार्मिक अपने स्तर पर अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें।
4. डॉ. प्रशांत मेश्राम ने यह सुझाव दिया कि हिंदी प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिक हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में ही दें।

5. राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन – राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा विभागों को भेजी गई तिमाही रिपोर्ट के तहत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। अतः इससे संबंधित आंकड़े उपलब्ध नहीं है।

6. हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रेषण – राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती की ओर से प्रत्येक तिमाही में सभी विभागाध्यक्षों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट मांगी जाती हैं पर रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती हैं। इसके अलावा अनुस्मारक भी भेजे गए हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी तक राजभाषा प्रकोष्ठ को किसी विभाग से तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

7. पत्राचार प्रतिशत – विभागों से रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण पत्राचार प्रतिशत के आकड़े उपलब्ध नहीं है।

8. हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर – राजभाषा नियम के तहत यह प्रावधान है कि हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दें, अगर कोई कार्यालय हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में नहीं दे पा रहे हैं तो वह राजभाषा प्रकोष्ठ या राजभाषा में प्रवीणता प्राप्त कार्मिक से सहायता लेकर उसका जवाब हिंदी में देना सुनिश्चित करें।

9. वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा – इसके तहत विश्वभारती विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी में पत्राचार न्यूनतम 55 प्रतिशत होना चाहिए। तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती है।

10. जाँच बिंदु – भवन/केंद्र के अध्यक्षों से अनुरोध किया गया कि वे अपने अधीन कार्यालयों में राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) का अनुपालन सुनिश्चित करें।

11. हिंदी में कार्य – हिंदी प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिकों द्वारा हिंदी में कार्य करना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए नियम 8(4) के तहत पूर्व में व्यक्तिशः आदेश भी जारी किए गए हैं।

बैठक का समापन प्रो. मुक्तेश्वर नाथ तिवारी, अध्यक्ष, भाषा भवन, विश्वभारती के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

शकुंतला मिश्र 15.03.2021

प्रभारी, राजभाषा प्रकोष्ठ
विश्वभारती, शांतिनिकेतन
राजेश

वितरण

1. समिति के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रधान।
2. उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व), कोलकाता।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. शकुंतला मिश्र<br>अध्यक्ष, राभाकास | हिंदी विभाग, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : mishraskt@gmail.com<br>मो. 9832172393 |
| 2. | प्रो. मुक्तेश्वर नाथ तिवारी<br>अध्यक्ष, भाषा भवन | हिंदी विभाग, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : mnathtiwary@gmail.com<br>मो. 9474765831 |
| 3. | डॉ. प्रशांत मेश्राम<br>संयुक्त कुलसचिव | शिक्षा एवं अनुसंधान, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : pmeshram15@gmail.com<br>मो. 9434070465 |
| 4. | श्री पंकज पंवार | कला भवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : panwarpankaj05@yahoo.com<br>मो. 9434710027 |
| 5. | श्री सर्बजित सेनगुप्त | विद्या भवन, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : sarbajitsengupta@gmail.com<br>मो. 9674441033 |
| 6. | श्री प्रवीर कुमार चौधुरी | पी. एस. वी., विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : pkc1@rediffmail.com<br>मो. 9434195667 |
| 8. | श्री शंकर मजुमदार<br>कुलानुशासक | विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : sankar.majumdar@visva-bharati.ac.in<br>मो. |
| 9. | श्री प्रशांत कुमार घोष | विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : prasanta.ghosh@visva-bharati.ac.in<br>मो. 9434008821 |
| 10. | श्रीमती शिउली सिन्हा (घोष) | शिक्षा सत्र, विश्वभारती<br>ई–मेल : suilisinha66@gmail.com<br>मो. : 9434112235 |
| 11. | डॉ. अरिन्दम चटर्जी | पी.एम. एच., शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : inchargecmo@visva-bharati.ac.in<br>मो. : 9474309081 |
| 12. | श्री निमाई चंद साहा | केंद्रीय ग्रंथागार, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : ncsaha.72@gmail.com<br>मो. : 9434546031 |
| 13. | श्री प्रसून कांति दास | संगणक केंद्र, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल : prasunkanti.das@visva-bharati.ac.in<br>मो. : 9475494488 |
| 9. | श्री राजेश कु. साव<br>हिंदी अनुवादक | राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>rajbhasha@visva-bharati.ac.in |
| 10. | श्री विरेन्द्र कुमार<br>हिंदी टंकक | राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>rajbhasha@visva-bharati.ac.in |